आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर ज़िले में एक सौ 84 करोड़ रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने नादौन क्षेत्र के खरीड़ी में 65 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक बहुउद्देशीय खेल परिसर की आधारशिला रखी। इस परिसर में 8 लेन वाला स्वीमिंग पूल, एक शूटिंग रेंज, कुश्ती, मुक्केबाजी, कबड्डी, योग, टेबल टैनिस और बैडमिंटन जैसे खेलों की सुविधा होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने धनपुर और हमीरपुर में साढ़े 4 करोड़ रूपये की लागत से दो नए किसान प्रशिक्षण केन्द्रों की आधारशिला भी रखी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बड़ा में एक करोड़ 31 लाख रूपये से बने उत्कृष्टता केन्द्र का शुभारंभ किया और लगभग एक सौ 6 करोड़ रूपये से बनने वाली विभिन्न सड़कों का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने के प्रयास कर रही है और प्राकृतिक खेती से उत्पन्न गेहूं को 40 रूपये व मक्की को 30 रूपये प्रति किलो की दर से खरीदा जाएगा। इसके अलावा भैंस का दूध 55 रूपये जबकि गाय का दूध 45 रूपये प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि कांगड़ा ज़िले के ढगवार में 2 सौ 50 करोड़ की लागत से आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री–2

बाद में मुख्यमंत्री ने बागवानी व वानिकी महाविद्यालय नेरी में लगभग साढ़े 3 करोड़ रूपये से बने स्नातकोत्तर खंड का उद्घाटन किया और कॉलेज में 3 करोड़ 62 लाख रूपये से बनने वाले कन्या छात्रावास की आधाशिला रखी। उन्होंने बताया कि हमीरपुर ज़िले व इसके साथ लगते क्षेत्रों में किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त सब्जियों के पौधे मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगतिशील किसानों के लिए एक हज़ार 4 सौ हैक्टेयर कृषि क्षेत्र में लगभग साढ़े 3 लाख पौधों का सालाना उत्पादन किया जाएगा। आयुष व खेल मंत्री यादवेन्द्र गोमा भी इस मौके मौजूद रहे।

आई.एम.ए.–हडताल

कोलकाता में आर.जी. कर राजकीय अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में इंडियन मैडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर आज देशभर में डॉक्टर हड़ताल पर रहे। एसोसिएशन ने पीड़ित महिला डॉक्टर के लिए न्याय और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय कानून की मांग की है। संगठन की अपील पर इस हड़ताल में निजी क्षेत्र के स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल रहे। आई.एम.ए. ने कोलकाता के अस्पताल में हुई तोड़–फोड़ की भी निंदा की है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निर्देश दिए हैं कि डॉक्टरों के साथ हिंसा मामले में, छह घण्टे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराई जानी चाहिए और इसकी जिम्मेदारी संस्थान प्रमुख की होगी।

शिमला हड़ताल

शिमला सहित प्रदेशभर में भी आज डॉक्टर हड़ताल पर रहे। आईजीएमसी शिमला में रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के सदस्यों ने मुख्य द्वार के बाहर प्रदर्शन किया और चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेंट्रल प्रोटैक्शन एक्ट बनाने की मांग की। डॉक्टरों की हड़ताल के कारण आज ओपीडी में डॉक्टर नहीं मिले, जिससे मरीजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। हालांकि आपातकालीन सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। रेजिडेंट डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल में उनकी सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं है और कोलकाता में हुई घटना के दोषियों को जल्द सजा मिलनी चाहिए। प्रदेश के अन्य ज़िलों में भी सरकारी व निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प रहीं।

इस बीच प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ के महासचिव विकास ठाकुर ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए हैल्थ प्रोटैक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भी डॉक्टरों के साथ कई बार दुर्व्यवहार हो चुका है। विकास ठाकुर ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने से डॉक्टरों विशेषकर महिला डॉक्टरों में खौफ का माहौल बन गया है।

चंद्र कुमार

पशु पालन मंत्री चंद्र कुमार ने आज कांगड़ा ज़िले में ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के जरोट में 29 लाख रूपये से बनने वाले पशु औषधालय का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राज्य

सरकार किसानों की सुविधा और जरूरत के अनुसार प्रदेशभर में पशु औषधालय खोल रही है ताकि पशु पालक घर–द्वार पर अपने पशु धन का उपचार करवा सके। चंद्र कुमार ने कहा कि किसानों व पशुपालकों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए सरकार कई नई योजनाएं ला रही है। उन्होंने बताया कि जरोट में 25 लाख रूपये की लागत बहुउद्देशीय भवन बनाया जाएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के अनेक स्थानों पर आज दोपहर बाद भारी वर्षा हुई। पिछले दिनों हुई वर्षा के बाद से राज्य में भूस्खलन से दो नेशनल हाईवे और 58 सड़कें अवरूद्व हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार सिरमौर जिला में नेशनल हाईवे–707 और किन्नौर जिला के निगुलसरी में नेशनल हाईवे–पांच बाधित है। मौसम विभाग ने 23 अगस्त तक राज्य के मैदानी व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।